**DIET MALAPPURAM & VIJAYABHERI MALAPPURAM**

**SSLC MODEL EXAMINATION , MARCH 2022**

**SET-2**

**TIME:11/2hr.** **SCORE 40**

# HINDI

==========================================================

**सामान्य निर्देश:**

- **सभी प्रश्नों का ध्यान से वाचन करें।**
- **सूचनाओं के अनुसार उत्तर लिखने की कोशिश करें।**
- **पहले 15 मिनिट कूल ऑफ़ टाइम है।**

==========================================================

## PART I

**"भाग ए"**

**सूचना :'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें।** 1*4= 4

"बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं था।वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है।जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई"।

1. बीरबहूटी कहानी किसकी रचना है?

   (प्रेमचंद, नागार्जुन, प्रभात, मिहिर)

2. किसने बेला को पीट लिया?

   (मैनेजर, साहिल, माटसाब, हैड़मास्टर)

3. बेला साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी। क्यों?

   क ) बेला साहिल की नज़र में बड़ी लड़की थी।

   ख) बेला साहिल की नज़र में छोटी लड़की थी।

   ग) बेला साहिल की नज़र में अच्छी लड़की थी।

   घ) बेला साहिल की नज़र में बुरी लड़की थी।

4. 'नज़र नहीं मिला पाई' –इस प्रयोग से क्या तात्पर्य है?

   (बैठ नहीं सकती, उठ नहीं सकती, देख नहीं सकती, बोल नहीं सकती)

5. बेला और साहिल के गणित के माटसाब कौन है?

   (रवींदर जी, सुरेंदर जी, तिवारी जी, प्रभात)

6. 'उससे' –में निहित सर्वनाम कौन–सा है?

   (वह, यह, मैं, वे)

**"भाग - बी"**

**सूचना :कविता का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।** 1*3= 3

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था
इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया
मैंने हाथ बढ़ाया।

7. यह कवितांश किस कविता की है?

   (टूटा पहिया, मेरे बच्चे को सिखाएँ, हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था, अकाल और उसके बाद)

8. 'हताशा' शब्द का अर्थ क्या है?

   (खुशी, दुख, निराशा, व्यर्थ)

9. कवि के अनुसार 'जानना' शब्द से क्या तात्पर्य है?

   (मनुष्य को मनुष्य की तरह जानना, नाम को सही तरह जानना, जाति को समझना, ओहदे को समझना)

## PART II

**"भाग ए"**

**सूचना : प्रशन 10 का उत्तर लिखें।** 1*2= 2

10. बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा?

**"भाग - बी"**

**सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रशन का उत्तर लिखें।** 1*2= 2

11. उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई त्यौहार को बच्चों का सबसे बड़ा त्यौहार मानते है।क्यों?

12. आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ लेन–देन चल रहा है।यहाँ गाँववालों की कौन –सी विशेषता प्रकट होती है।

## PART III

**"भाग ए"**

**सूचना :13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रशनों का उत्तर लिखें।** 3*3= 9

13. कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास।
    कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास।

    **–इन पंक्तियों का आशय लिखें।**

14. मैं
    रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
    लेकिन मुझे फेंको मत !

    **–यहाँ कवि क्या कहना चाहते हैं**

15. **सूचना :कोष्ठक से उचित परसर्ग चुनकर वाक्यों की पूर्ति करें**

(का, की, के, पर)

कुप्पी --- धुँधली रोशनी कुएँ --- आ रही थी। गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके --- इंतज़ार करने लगी।

16. **सूचना: रेखांकित शब्दों का संशोधन करके लिखें।**

गाते–गाते अचानक मां <u>का</u> आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील <u>हो गया</u>। लोगों को लगा माइक में खराबी आ गई है, लोग चिल्लाने <u>लगा।</u>

**"भाग - बी"**

**सूचना :" गुठली तो पराई है " पाठ का यह अंश पढ़ें।प्रश्न का उत्तर लिखें।** 1*3= 3

'गुठली बोली, "अपना घर? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई"।बुआ हँसके बोली, अरी बेवकूफ़ यह घर तो पराया है।बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है"।

17. यहाँ प्रकट सामाजिक समस्या क्या है ? उस समस्या पर अपनी राय दो–या तीन वाक्यों में लिखें।

**PART IV**

**"भाग ए"**

**सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लिखें।** 2*4= 8

पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ज़मीन पर छिडक दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहूँचे।

18. दुकान पर पहूँचे बेला, साहिल और दुकानदार से हुई बातचीत लिखें।

19."आई एम कलाम नामक फ़िल्म का नायक छोटू उर्फ़ कलाम की कहानी बड़ी चुस्त है।पढ़ने की इच्छा में गुज़रे कलाम को अंत में अपना लक्ष्य साकार होता है।कलाम अपने दोस्त रणविजय के साथ स्कूल जाता है।"

**– कलाम ने इस अनुभव को अपनी डायरी में लिखने का निश्चय किया। कलाम की डायरी तैयार करें।**

20. अपनी माँ के बदले पहली बार स्टेज पर आया चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी।उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया, अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी।लोगों में ठहाकों की हिस्सेदारी हुई।स्टेज पर जमकर पैसे बरसे।अंत में माँ उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई।चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार...

**–इस घटना पर एक रपट तैयार करें।**

**"भाग - बी"**

**सूचना :21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी 1 का उत्तर लिखें।** **1*4= 4**

21. बच्चे काम पर जा रहे हैं नामक कविता से बालश्रम के विरुद्ध संदेश मिलता है।बच्चे बड़े सबेरे काम पर जा रहे हैं।खेलने और पढ़ने का अवसर उनको नहीं मिलता।भूख, प्यास और गरीबी के कारण ये बच्चे बचपन की खुशियों से वंचित रहते हैं।

**बालश्रम कानूनी जुर्म है।इसके विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें।**

**22. सूचना: संबंध पहचानें और सही मिलान करें।**

| क | ख |
|---|---|
| घर में चलते समय मन में | अविनाश |
| मोहन राकेश का मित्र | यात्रा की कोई बनी हुई रूप-रेखा नहीं थी |
| मोहन राकेश की बड़ी इच्छा थी | अब्दुल जब्बार |
| बूढ़े मल्लाह | समुद्र तट का सफ़र करें |

**PART V**

**"भाग ए"**

**सूचना :23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** **1*5= 5**

23.सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- गंगी प्रतिदिन शाम पानी लिया करती थी।
- जोखू लोटा नाक से लगाया तो सचमुच बदबू नहीं थी।
- कोई तीसरा कुआँ गाँव में नहीं है।
- गंगी ने खराब पानी पीने को नहीं दिया।
- गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों पर चोटें करने लगा।
- ठाकुर सभी जाति के लोगों से समानता का व्यवहार करनेवाले थे।
- जोखू कई दिन से बीमार है।

24. बीरबहूटी कहानी का य़ह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।
"तुमने कुछ सुना बेला? ”
"हाँ, सुना ।पहली घंटी लग गई है।"
"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

**–कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।**